प्रिय छात्र/छात्रा

आपको यहाँ यह ज्ञात कराया जाता है कि अगले वर्ष/सत्र में नामांकन (रि-रजिस्ट्रेशन) की ऑनलाइन प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है । रि-रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन प्रक्रिया को पूर्ण करने की अंतिम तिथि 30 जून 2020 निर्धारित की गयी है। आप अपने रि-रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन प्रक्रिया को **https://onlinerr.ignou.ac.in/** या **https://ignou.samarth.edu.in/** लिंक से घर बैठे ही पूर्ण कर सकते हैं ।

इग्नू द्वारा रि-रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को नये पोर्टल **https://ignou.samarth.edu.in/** पर ले जाया गया है । **इस पोर्टल पर सभी छात्र/छात्राओं को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है ।** भविष्य में इसी पोर्टल के माध्यम से आपको अन्य सुविधायें जैसे क्षेत्रीय केन्द्र/अध्ययन केन्द्र परिवर्तन, पत्राचार के पते में परिवर्तन, विषय को बदलना, परीक्षा फॉर्म भरना इत्यादि प्रदान की जायेगी । अत: सभी छात्र/छात्राओं से अनुरोध है कि इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें और यूजर आईडी एवं पासवर्ड सुरक्षित रखें । अगर आप किसी साइबर कैफे की मदद ले रहे हों तो उनके द्वारा बनाये गये यूजर आईडी एवं पासवर्ड को किसी सुरक्षित स्थान पर लिख लें । रि-रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् आप साइबर कैफे वाले से इसका प्रिंट आउट लेना न भूलें ।

रि-रजिस्ट्रेशन को लेकर छात्र/छात्राओं के मन में बहुत दुविधा की स्थिति होती है । उन्हीं दुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रश्न-उत्तर के माध्यम से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है ।

| | |
|---|---|
| प्र० | रि-रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया क्या है |
| उ० | **अगले वर्ष या सेमेस्टर में नामांकन की प्रक्रिया को रि-रजिस्ट्रेशन कहते हैं ।** |
| प्र० | जुलाई 2020 वाले सत्र में कौन-कौन रि-रजिस्ट्रेशन करा सकता है |
| उ० | इस सत्र में निम्नलिखित छात्र/छात्राएँ अपना रि-रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं:-<br><br>1. जनवरी 2020 में नये नामांकन लिये हुए निम्नलिखित प्रोग्राम के छात्र/छात्राएँ<br><br>**MCA, BCA, MBA, MBA (Banking & Finance), PGDHRM, PGDFM, PGDOM, PGDMM, PGDFMP, PGDCA**<br><br>2. जनवरी 2020 नामांकन सत्र में रि-रजिस्ट्रेशन कराये हुए निम्नलिखित प्रोग्राम के छात्र/छात्राएँ<br><br>**MCA 2nd Semester से लेकर MCA 5th Semester तक रि-रजिस्ट्रेशन कराये हुए छात्र ।**<br><br>**BCA 2nd Semester से लेकर BCA 5th Semester तक रि-रजिस्ट्रेशन कराये हुए** |

| | |
|---|---|
| | **छात्र ।**<br><br>**MBA और MBA (Banking & Finance) के रि-रजिस्ट्रेशन कराये हुए छात्र । यहाँ पर यह अवगत कराया जाता है कि इन दोनों प्रोग्रामों में रजिस्टर्ड कराये गये विषयों के रजिस्ट्रेशन की वैद्यता 2 वर्ष तक ही होती है । इन दो वर्षों में रजिस्टर्ड विषयों में उत्तीर्ण नहीं होने की स्थिति में फिर से उन विषयों को रजिस्टर्ड करवाना पड़ता है ।**<br><br>3. जुलाई 2019 सत्र में नये नामांकन लिये हुए निम्नलिखित प्रोग्राम के छात्र/छात्राएँ<br><br>**मास्टर डिग्री प्रोग्राम**<br>**बैचलर डिग्री प्रोग्राम**<br><br>4. जुलाई 2019 सत्र में रि-रजिस्ट्रेशन कराये हुए निम्नलिखित प्रोगाॅम के छात्र/ छात्राएँ<br><br>**बैचलर डिग्री प्रोग्राम (BA, BCOM, BSC, BSW, BTS etc) के द्वितीय वर्ष में रजिस्टर्ड कराये हुए छात्र ।**<br><br>5. उपरोक्त के अलावा वैसे सभी छात्र/छात्राएँ रि-रजिस्ट्रेशन हेतु पात्र हैं जिन्होंने किसी कारणवश समय से अपना रि-रजिस्ट्रेशन नहीं कराया हो । इसके लिये उन्हें निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना आवश्यक है:<br><br>**प्रोग्राम की अधिकतम समय सीमा समाप्त नहीं हुई हो । छात्र अपने प्रोग्राम की अधिकतम समय सीमा नीचे दिये गये लिंक से जांच कर सकते हैं:**<br><br>http://admission.ignou.ac.in/changeadmdata/admissionstatusnew.asp<br><br>**बैचलर डिग्री और मास्टर डिग्री प्रोग्राम के छात्रों के पूर्व के रजिस्ट्रेशन और अभी कराये जाने वाले रजिस्ट्रेशन के बीच में एक वर्ष का अंतराल अवश्य होना चाहिए ।** |
| प्र० | क्या पहले या दूसरे वर्ष के विषयों के परीक्षा को दिये बिना भी रि-रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है |
| उ० | **हाँ । आप पहले या दूसरे वर्ष के विषयों के परीक्षा को दिये बिना भी रि-रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं । आपको इग्नू में इस संबंध में पूरी छूट प्रदान की जाती है । आपको सिर्फ यह ध्यान रखना होगा कि आपको अपने प्रोग्राम को अधिकतम समय सीमा के अंदर हीं समाप्त करना है ।** |
| प्र० | क्या पहले या दूसरे वर्ष के विषयों में अनुत्तीर्ण होने की स्थिति में भी रि-रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है |

| | |
|---|---|
| उ० | **हाँ । आप पहले या दूसरे वर्ष के विषयों में अनुत्तीर्ण होने की स्थिति में भी रि-रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं । आपको सिर्फ यह ध्यान रखना होगा कि आपको अपने प्रोग्राम को अधिकतम समय सीमा के अंदर हीं समाप्त करना है ।** |

वर्तमान में समर्थ पोर्टल पर निम्नलिखित प्रोग्राम रि-रजिस्ट्रेशन के लिये उपलब्ध नहीं है । जैसे ही ये प्रोग्राम रि-रजिस्ट्रेशन के लिये पोर्टल पर उपलब्ध होगा आपको हमारे फेसबुक पेज के माध्यम से अवगत करा दिया जायेगा ।

- **All Management Programs ([MBA, MBA (Banking), PG Specialization Diplomas])**
- **Master of Social Work (MSW)**
- **Master of Travel and Tourism Management (MTTM)**
- **Integrated BCA-MCA**
- **BA, BCOM ,BSC (Old Pattern - for students enrolled up to Jan 2019)**
- **BCA**

आपसे अनुरोध है कि आप अपने रि-रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण कर लें । अगर आपको किसी भी प्रकार की शंका है तो कृपया ईमेल आईडी **admissionrc48@ignou.ac.in** **or** **rcvaranasi@ignou.ac.in** पर जरूर ईमेल करें । ईमेल करते समय अपना इनरोलमेंट संख्या, प्रोग्राम का नाम और मोबाईल नंबर अवश्य लिखें । कृपया इस ईमेल के उत्तर में ईमेल न करें ।

अंततः आपसे यह भी अनुरोध है कि हमारे फेसबुक पेज **www.facebook.com/ignouvns** को जरूर लाईक या फोलो करें जिससे कि आपको हर नये अपडेट समय से प्राप्त होती रहे ।

**क्षेत्रीय निदेशक**